**No. EDN-SE (Gen.) F (13) 03/2023**
Directorate of School Education
Himachal Pradesh

**Dated: Shimla-171001 the September, 2025**

To

All the Deputy Director of School Education (Elementary/Secondary)
Himachal Pradesh

**Subject:-** Organization of painting competition for students of Class 5th, 6th & 7th (Group 'A') and Class 8th, 9th & 10th (Group 'B') under the National Campaign for Energy Conservation.

Please find enclosed herewith a copy of letter No. एसजेवीएन / सीएचक्यू / मा.सं. / औ.सं. एवं कल्याण / 5118 dated 27.08.2025 alongwith its enclosures received from the General Manager, Nodal Officer (Painting Competition-2025), SJVN Limited, Shakti Sadan, Shanan, P.O. Sanjauli, District Shimla, Himachal Pradesh, on the subject cited above.

In this context, it is intimated that SJVN Limited is organizing a painting competition on energy conservation for students of Class 5th, 6th & 7th (Group 'A') and Class 8th, 9th & 10th (Group 'B') . Now therefore you are directed to examine the matter and circulate the same amongst all the Heads of Educational Institutions under your jurisdiction and encourage the students to participate in the above said Painting Competition under intimation to the quarters concerned as well as to this Directorate with in stipulated period.

Addl. Director School Education
Himachal Pradesh

Directorate of School Education
15 SEP 2025
Himachal Pradesh, Shimla-171001

Endst. No. Even dated Shimla-171001 the September, 2025
Copy for information and necessary action to:-

1. The General Manager, Nodal Officer (Painting Competition-2025), SJVN Limited Shakti Sadan, Shanan, P.O. Sanjauli, District Shimla, Himachal Pradesh, 171006 w.r.t his / her letter referred to above.
2. The Nodal Officer-IT Cell, Directorate of School Education, H.P, Shimla-1 with the remarks to upload the same on departmental website.
3. Guard file.

Addl. Director School Education
Himachal Pradesh

SJVN Limited
Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Navratna PSU
Corporate Human Resource Department

एसजेवीएन / सीएचक्यू / मा.सं. / औ.सं. एवं कल्याण /

27.08.2025

**सेवा मे**
**निदेशक, स्कूली शिक्षा विभाग**
**शिक्षा निदेशालय, लालपानी**
**जिला शिमला, हि. प्र.**

**विषय**: ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के विद्यार्थियों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन।

महोदय/महोदया,

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य में ऊर्जा संरक्षण विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता का समन्वय एवं आयोजन करने का दायित्व **एसजेवीएन लिमिटेड** को सौंपा गया है।

इस क्रम में, गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसजेवीएन लिमिटेड द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत **कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') तक के विद्यार्थियों** के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश/जानकारी की रूपरेखा संलग्न की जा रही है। आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया अपने अधीन कार्यरत **जिला उपनिदेशकों/ जिला सहायक निदेशकों** को आवश्यक निर्देश प्रदान करें, ताकि वे संबधित **प्रधानाचार्यों/ प्रधानाध्यापिकाओं** को अवगत करा सकें और प्रतियोगिता में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता हेतु आपका सक्रिय सहयोग अत्यंत अपेक्षित है।

सादर धन्यवाद।

भवदीय

**(अनुराग भारद्वाज)**
**उप महाप्रबंधक (मा.सं.)**
**राज्य नोडल अधिकारी (पेंटिग प्रतियोगिता -2025 (हि. प्र.)**

SJVN Limited

Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Navratna PSU
Corporate Human Resource Department

एसजेवीएन
SJVN

# विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता, 2025 की विस्तृत योजना

स्कूली छात्रों के बीच ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के माध्यम से स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपनी रचनात्मकता दिखाने और कला के माध्यम से देश के स्थायी भविष्य में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। अपनी कलात्मकता का परिचय दें और ऊर्जा संरक्षण को बढावा देते हुए उपयुक्त पुरस्कार जीतें।

**पात्रता** : कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी इस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं। प्रत्येक श्रेणी में जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2022, 2023 और 2024 के दौरान राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर पर **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते हों वे इस वर्ष की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा सांत्वना पुरस्कार विजेता इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, परन्तु पात्र होने पर समूह 'अ' के पुरस्कार विजेता समूह 'ब' में भाग ले सकेगें।**

**कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के लिए सामान्य विषय शीर्षक (Theme Topics) (School Level)** निम्नलिखित है:

| समूह 'अ' एवं समूह 'ब' के लिए सामान्य विषय | |
|---|---|
| • **Save Energy, Save Earth** | • **Be a Star- Use BEE Star Appliances** |

**स्कूल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता का शेड्यूल**: सभी स्कूलों को www.paintings.beeindia.gov.in पर अपनी आईडी तथा पासवर्ड बनाने के बाद अपने स्कूल का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। स्कूल स्तर पर प्रत्येक समूह ('अ' एवं 'ब') हेतु 2 घंटे की चित्रकला प्रतियोगिता **25 अक्टूबर, 2025** तक किसी भी कार्यदिवस में आयोजित की जा सकती है।

**पेंटिंग सामग्री**: स्कूल स्तर पर छात्रों को A4 आकार की शीट और पेंटिंग सामग्री जैसे पेंसिल, क्रेयॉन वाटर कलर का उपयोग करना है। छात्र उपर्युक्त विषयों में से किसी एक का चयन कर सकते है। प्रतियोगिता के सभी स्तरों पर पेंटिंग में कोलाज/पैचवर्क के उपयोग की अनुमति नहीं है।

**स्कूल स्तर पर मूल्यांकन** : प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का मूल्यांकन दो संदस्यीय समिति, जिसमें एक सदस्य अधिमानतः (preferably) फाइन आर्ट्स का हो, द्वारा किया जाना चाहिए। यह समिति कक्षा 5, 6, एवं 7 (समूह 'अ') एवं कक्षा 8, 9 एवं 10 (समूह 'ब') की दो– दो सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन करेगीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सूची समूहवार www.paintings.beeindia.gov.in पर जाकर अपलोड करनी होगी।

**स्कूल प्राचार्यो को www.paintings.beeindia.gov.in पर जाकर अपने स्कूल का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण करने के बाद स्कूल को एक Acknowledgement Number प्राप्त होगा।**

Corporate Head Quarters: SJVN Limited, Shakti Sadan,
Shanan, P.O. Sanjauli, Distt. Shimla (H.P.) - 171006

**<u>पेंटिंग भेजते समय स्कूल को पेटिंग के पीछे निम्नलिखित सूचना अवश्य लिखनी होगी</u> :**

1. Acknowledgement Number:
2. ग्रुप का नाम:
3. स्कूल का नाम:
4. स्कूल का पूरा पता:
5. विद्यार्थी का नाम :
6. कक्षा:
7. माता/पिता अथवा अभिभावक का मोबाइल नं. (अनिवार्य रूप से):
8. स्कूल अध्यापक का मोबाइल नं:
9. स्कूल के मुख्याध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

**<u>पेंटिंग्स भेजने की अन्तिम तिथि</u>:** स्कूल के प्राचार्य प्रत्येक समूह से दो–दो चयनित सर्वश्रेष्ठ चित्रकला (पेंटिंग्स) को पृष्ठ – 4 पर दिए गए पते पर एसजेवीएन के नोडल/समन्वय अधिकारी को **<u>दिनांक 25 अक्तूबर, 2025 तक या बढ़ाई गई तिथि के अनुसार डाक के माध्यम से या ईमेल द्वारा भिजवाने/उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करें</u>।**

## <u>राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता</u> :

<u>पात्रता</u> : पूरे राज्य के सभी स्कूलों से प्राप्त चयनित पेंटिंग्स में से विशेषज्ञों की समिति/जूरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ 50 पेंटिंग्स (प्रत्येक समूह 'अ' एवं 'ब') को राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा तथा चयनित **50 –50 दोनों समूहों के विद्यार्थियों को पत्र/टेलिफोन द्वारा सूचित किया जाएगा।**

**नोट : कृपया सुनिश्चित करें कि पेंटिंग्स के पीछे <u>विद्यार्थी का नाम, पता, कॉन्टैक्ट नं0, आदि विवरण पूरे तथा स्पष्ट रूप से लिखे हों</u>।**

**<u>समयावधि एवं स्थान</u>** : राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता की अवधि दो घंटे (अपराह्न 11:00 बजे से दोपहर 01:00 तक स्पॉट पेटिंग) की होगी जो कि **दिनांक 14 से 25 नवम्बर, 2025 के मध्य शिमला में आयोजित की जाएगी**।
(प्रतियोगिता के तुरंत बाद ही राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।)

**<u>प्रतिभागिता राशि एवं अन्य</u>** : राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को रू. 2000/– प्रत्येक को नकद प्रतिभागिता राशि और प्रमाण–पत्र उसी दिन प्रदान किया जाएगा।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगिता स्थल तक लाने और वापिस ले जाने की जिम्मेदारी उनके अभिभावकों अथवा स्कूल की होगी। एसजेवीएन द्वारा समूह 'अ' एवं समूह 'ब' के प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा उनके साथ आए दो अभिभावकों/संरक्षकों (Guardians) को शिमला

तक के लघुतम मार्ग के स्लीपर श्रेणी के रेल किराया/चेयरकार/3 ए.सी./राज्य रोडवेज की बस किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

**प्रतिभागी विद्यार्थी को अपनी पेंटिंग सामग्री – क्रेयोन्स, कलर पेंसिल, वाटर कलर, रबड तथा ड्राईंग बोर्ड इत्यादि अपने साथ लानी होगी ।** आयोजकों द्वारा **A3 size** की ड्राइंग शीट्स प्रतियोगिता स्थल पर ही दी जाएगी।

## राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि (प्रत्येक समूह 'अ' एवं 'ब' हेतु) :

| पुरस्कार | राशि |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रू. 50,000/– |
| द्वितीय पुरस्कार | रू. 30,000/– |
| तृतीय पुरस्कार | रू. 20,000/– |
| 10 प्रोत्साहन पुरस्कार | रू. 7500/– प्रत्येक |

उपरोक्त पुरस्कार के साथ समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता :

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभागिता** : राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित तीन–तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी (समूह 'अ' एवं समूह 'ब') दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतिभागी के साथ साथ उनके दो अभिभावकों/संरक्षकों को दिल्ली तक जाने व आने के लिए यात्रा तथा दिल्ली में उनके ठहरने की व्यवस्था एसजेवीएन द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को रू. 2000/– प्रत्येक को नकद प्रतिभागिता राशि प्रदान की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि :

राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दिनांक 14 दिसम्बर 2025 को दिल्ली में आयोजित होने वाले **"राष्ट्रीय ऊर्जा बचाओ दिवस"** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

| पुरस्कार | राशि |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रू. 1,00,000/- + Laptop+ Gold Medal |
| द्वितीय पुरस्कार | रू. 50,000/- + Laptop+ SilverMedal |
| तृतीय पुरस्कार | रू. 30,000/- + Laptop+ Bronze Medal |
| 10 प्रोत्साहन पुरस्कार | रू. 15,000/- प्रत्येक + Tablet |

# SJVN Limited

Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)

(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)

A Navratna PSU

Corporate Human Resource Department


## एसजेवीएन लिमिटेड के नोडल अधिकारी/कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी :

### राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | नोडल अधिकारी | : | श्री अनुराग भारद्वाज |
| ख | पदनाम | : | उप महाप्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | 0177–2660273 (कार्या-), 94184 75412 (मो.) |
| ङ | ई–मेल | : | paintings.sjvn@gmail.com |

### राज्य स्तर पर कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी | : | श्री दीपक जायसवाल |
| ख | पदनाम | : | उप प्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | 93895 93004 (मो.) |
| ङ | ई–मेल | : | paintings.sjvn@gmail.com |

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि आप अपने विद्यालय के कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के विद्यार्थियों के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता **25 अक्टूबर, 2025** तक करवाकर प्रत्येक समूह से चयनित दो–दो सर्वश्रेष्ठ पेटिंग्स उपरोक्त पते पर **25 अक्तूबर, 2025** तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है ।

धन्यवाद।

भवदीय,

अनुराग

(अनुराग भारद्वाज)

उप महाप्रबंधक (मा.सं.)

राज्य नोडल अधिकारी (पेंटिंग प्रतियोगिता–2025) (हि.प्र)

2-7/8/25

IT